# ज्ञानवर्धिनी संस्था
# सोनुभाऊ बसवंत कला आणि वाणिज्य महाविद्यालय, शहापूर
# हिंदी विभाग

---

## 'साहित्यकारों की सचित्र प्रदर्शनी हिंदी' प्रतिवेदन

११ अगस्त से १८ अगस्त २०२६ को प्रातः ९: ३० बजे 'हिंदी विभाग ' एवं 'ग्रंथालय विभाग ' के संयुक्त तत्वावधान में ' हिंदी साहित्यकारों की सचित्र प्रदर्शनी 'का आयोजन मल्टीपर्पज हॉल में किया गया । हिंदी विभाग द्वारा हिंदीसाहित्यकारों के संक्षिप्त जीवन-परिचय तथा प्रमुख कृतियों की जानकारी प्रस्तुत की गई ।प्रदर्शनी में कबीरदास, तुलसीदास, सूरदास, भारतेंदु हरिश्चंद्र, महावीर प्रसाद द्विवेदी, मुंशी प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', सुमित्रानंदन पंत, महादेवी वर्मा, रामधारी सिंह 'दिनकर' तथा हरिवंश राय बच्चन जैसे महान साहित्यकारों को शामिल किया गया। प्रत्येक के साथ उनके जीवन, रचनाओं और योगदान का संक्षिप्त विवरण दिया गया।प्रदर्शनी का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ . संतोष गायकवाड सर द्वारा किया गया।

हिंदी विभाग के प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को साहित्यकारों के योगदान से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर ज्ञानवर्धन किया।इस प्रदर्शनी से विद्यार्थियों में हिंदी साहित्य के प्रति रुचि बढ़ी तथा उन्हें साहित्यकारों के जीवन और विचारधारा को समझने का - अवसर मिला। अंत में हिंदी के प्राध्यापक राजेश बांगारे सर ने सभी का आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम सफल एवं प्रेरणादायक रहा।

यह सचित्र प्रदर्शनी विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी रही, जिससे उन्हें हिंदी साहित्य के महान साहित्यकारों से परिचय प्राप्त हुआ तथा अध्ययन के प्रति रुचि विकसित हुई।